अगस्त 2021 | संस्करण. 2 | अंक.5



# स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी, उत्तराखण्ड

## मासिक वृतांत – अगस्त 2021

# माह विशेष

## 1 SVHM टेली चिकित्सा हेल्प लाइन का उद्घाटन

**06-08-2021: SVHM सोसाइटी द्वारा संचार माध्यम से चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से "SVHM टेली चिकित्सा हेल्प लाईन" की शुरुआत हो गई है। एक पूर्णतः निःशुल्क सेवा जहाँ घर बैठे मिलेंगी अनुभवी और वरिष्ठ विशेषज्ञों द्वारा सलाह एवं उपचार ।**




## 2 तरु दान : एक सेवा संकल्प

**07-08-2021 (हरिद्वार): हरिद्वार RSS शाखा के स्वयंसेवकों ने 51 श्याम तुलसी एवं 50 अन्य पौधे गमले सहित हरिद्वार चिकित्सालय को भेंट किए। इस अवसर पर RSS के क्षेत्रीय प्रचार प्रमुख आदरणीय श्री पदम जी उपस्थित रहे व उन्होंने चिकित्सालय द्वारा किए जा रहे सेवा कार्य की सराहना की ।**



## 3 स्वतंत्रता दिवस का उत्सव

**15-08-2021 : 75वां स्वतंत्रता दिवस समारोह सभी SVHM चिकित्सालयों में मनाया गया ।**




## 4 Biomedical Waste Management प्रशिक्षण

**17-08-2021 (हरिद्वार): हरिद्वार चिकित्सालय की नर्सिंग सुपरिटेंडेंट श्रीमती अल्पना रावत द्वारा समस्त स्टाफ के लिए एक बायो मेडिकल वेस्ट निस्तारण पर प्रशिक्षण दिया गया।**



## 5 गुरु दक्षिणा कार्यक्रम का उत्सव

**20-08-2021 : धर्मावाला, नारायणकोटी, मनेरी, पीपलकोटी एवं पेटशाल चिकित्सालयों में मनाया गया ।**




## 6 FUJI FILM DRI - HEM NX 600 लैब जांच मशीन

**30-08-2021: धर्मावाला चिकित्सालय के लैब में नयी डायग्नोस्टिक मशीन लगायी गई जो :**

- **प्रति घंटे 128 samples की प्रोसेसिंग करती है।**
- **100% सटीकता।**
- **विभिन्न जांचें जैसे की LFT, KFT, Lipid Profile इत्यादि को एक साथ किया जा सकता है।**



# धर्मावाला, हरिद्वार एवं पेटशाल

# मल्टी एवं सुपर स्पेशलिटी शिविर

धर्मावाला (5), हरिद्वार (4) एवं पेटशाल (3) मिलाकर कुल 12 सुपर एवं मल्टी स्पेशलिटी शिविरों का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 2272 लोग लाभान्वित हुए



**OPD प्रतीक्षालय, हरिद्वार**

**हरिद्वार में शिविर दिनांक 1, 8, 15 एवं 29 अगस्त को आयोजित किए गए**



डॉ. सुनील बालियान, पल्मोनोलोजिस्ट, यथार्थ हॉस्पिटल, नोएडा



डॉ. पवन कुमार, त्वचा रोग विशेषज्ञ, रुड़की



डॉ. मनोज पोसवाल, हड्डी रोग विशेषज्ञ , फरीदाबाद



डॉ. राजीव कुरेले, आयुर्वेदिक विशेषज्ञ, हरिद्वार



डॉ. आदेश पोसवाल, डेंटिस्ट, फरीदाबाद



डॉ. संदीप कुमार, फिजिशियन, मैक्स हॉस्पिटल, दिल्ली



डॉ. अनिल भट्ट, नेफ्रोलॉजिस्ट, जे पी हॉस्पिटल, दिल्ली



डॉ. विजय शर्मा हृदय रोग विशेषज्ञ, हरिद्वार



डॉ. एल गुप्ता, फिजिशियन, हरिद्वार



डॉ. पुखराज गौर, हड्डी रोग विशेषज्ञ, ग्वालियर



डॉ. प्रियंका पुखराज, स्त्री रोग विशेषज्ञ, ग्वालियर



डॉ. राहुल चंदोला, हृदय और फेफड़े Transplant सर्जन, मैक्स हॉस्पिटल, दिल्ली



डॉ. नवीन अग्रोही, हड्डी रोग विशेषज्ञ, रुड़की



डॉ. हरीश चौहान, आयुर्वेदिक-त्वचा रोग विशेषज्ञ, हरिद्वार



डॉ. गौरव राठौर, हड्डी रोग विशेषज्ञ, नोएडा



डॉ. अतुल खंडेलवाल, यूरोलॉजिस्ट, सोनीपत



डॉ. विकास ढिल्लों, ई एन टी सर्जन, करनाल

डॉ. विकास ढिल्लों, ई एन टी सर्जन और डॉ. धर्मवीर एनेस्थेटिस्ट सर्जरी करते हुए





डॉ. संदीप कुमार बंसल, जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फरीदाबाद सर्जरी करते हुए

# मल्टी एवं सुपर स्पेशलिटी शिविर



OPD प्रतीक्षालय, धर्मावाला



OPD प्रतीक्षालय, पेटशाल

## धर्मावाला में शिविर 1, 8, 15, 22 एवं 29 अगस्त को आयोजित किए गए



प्रो. डॉ. प्रशांत लवानिया, यूरोलॉजिस्ट,
एस एन मेडिकल कॉलेज, आगरा



डॉ. विकास बंसल,
यूरोलॉजिस्ट, दिल्ली



डॉ. दीपक दूबे, यूरोलॉजिस्ट,
एम्स ऋषिकेश



प्रो. डॉ. सागर लवानिया,
मनोचिकित्सक, एफ एच मेडिकल कॉलेज, आगरा



प्रो. डॉ. यू एन गुप्ता, फिजिशियन,
एस एन मेडिकल कॉलेज, आगरा



डॉ. एन एस खत्री,
बाल रोग विशेषज्ञ, देहरादून



डॉ. अंजलि पाठक, स्त्री रोग विशेषज्ञ,
एम्स ऋषिकेश

## पेटशाल में शिविर दिनांक 1, 8 एवं 29 अगस्त को आयोजित किए गए



डॉ. अजय आर्य,
बाल रोग विशेषज्ञ, अल्मोड़ा



डॉ. अनिल पाण्डेय,
डेंटिस्ट, अल्मोड़ा



डॉ. नीलांबर भट्ट,
वरिष्ठ मधुमेह रोग विशेषज्ञ एवं जनरल फिजिशियन, हल्द्वानी

डॉ. एम हमीदी,
सीनियर लेप्रोस्कोपिक और जनरल सर्जन,
यथार्थ हॉस्पिटल, नोएडा
सर्जरी करते हुए





डॉ. कपिल त्यागी,
सीनियर हड्डी रोग विशेषज्ञ और
डॉ. राहुल सिंह, सीनियर एनेस्थेटिस्ट,
यथार्थ हॉस्पिटल, नोएडा
सर्जरी करते हुए

# सामुदायिक स्वास्थ्य शिविर

## पेटशाल

### कुल 5 सामुदायिक स्वास्थ्य शिविर द्वारा 17 बड़े एवं छोटे गाँवों मिलाकर 315 रोगी लाभान्वित हुए




**03-08-2021 :** अंदौली गाँव, रोगी परामर्श लेते हुए



**03-08-2021 :** अंदौली गाँव, रोगी प्रतीक्षा करते हुए



**13-08-2021 :** खेती गाँव, लाभार्थियों के लिए स्वास्थ्य शिक्षा सत्र

पेटशाल चिकित्सालय ने अल्मोड़ा जिले के ब्लॉक धौला देवी के अंदौली, कनारीछेना, खेती, काना झाकरसेन और मेलकांडे गाँवों में 5 सामुदायिक चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया। ये गाँव हमारे चिकित्सालय से न्यूनतम 30 कि.मी. से अधिकतम 50 कि.मी. की दूरी पर स्थित हैं। यह शिविर 3, 5, 13, 14 और 17 अगस्त को आयोजित किए गए थे।

शिविर में दी जाने वाली सेवाओं में रक्तचाप, तापमान और ऑक्सीजन (SpO2) माप और शुगर के आंकलन सहित सामान्य स्वास्थ्य जांच भी शामिल थी।

मौसमी स्वास्थ्य समस्याओं और बीमारी से जूझ रहे ग्रामीणों के लिए यह शिविर एक बड़ी राहत थी। हमेशा की तरह, दवाओं सहित सभी सुविधाएँ पूरी तरह से नि:शुल्क प्रदान की गईं।

**शिविर में पाई गयी बीमारियाँ :**

- OSTEO ARTHRITIS (56)
- HYPERTENSION (45)
- शारीरिक कमजोरी (39)
- सर्दी/जुखाम/बुखार (31)
- दमा (28)
- DIABETES (20)
- त्वचा रोग (19)
- पेडू में दर्द (19)
- PID & स्त्री रोग (16)
- मोतियाबिन्द (08)
- एनीमिया (6)
- नेत्र रोग (5)
- VARICOSE VEINS (3)
- घाव (2)



**17-08-2021 :** मेलकांडे गाँव, रोगी दवाई लेते हुए



**05-08-2021 :** कनारीछेना गाँव, रोगी दवाई लेते हुए




**05-08-2021 :** कनारीछेना गाँव, रोगी परामर्श लेते हुए

# सामुदायिक स्वास्थ्य शिविर

## हरिद्वार

### कुल 2 सामुदायिक स्वास्थ्य शिविर द्वारा 2 गाँवों से 350 रोगी लाभान्वित हुए



**08-08-2021:** वसोचंदपुर गाँव, शिविर का उद्घाटन महामंडलेश्वर स्वामी श्री ईश्वर दास जी महाराज, संस्थापक और अध्यक्ष - श्री कृष्णायन गौशाला ने किया।



**19-08-2021:** तेलीवाला गाँव, पंजीकरण



**19-08-2021:** तेलीवाला गाँव, डॉ. यतेन्द्र नांगयान, त्वचा रोग विशेषज्ञ, रोगी परामर्श लेते हुए

हरिद्वार जिले के ब्लॉक गैंडीखाता और बहादराबाद के वसोचंदपुर एवं तेलीवाला गाँवों में 2 सामुदायिक चिकित्सा शिविर आयोजित किए गए। यह गाँव हमारे चिकित्सालय से 21 कि.मी. एवं 35 कि.मी. की दूरी पर स्थित हैं।

शिविर में दी जाने वाली सेवाओं में रक्तचाप (BP), तापमान, ऑक्सीजन (SpO2) माप एवं शुगर के आंकलन सहित सामान्य स्वास्थ्य जाँच और साथ ही नेत्र रोग, त्वचा रोग, दंत चिकित्सा और आयुर्वेद के विशेषज्ञ भी उपलब्ध रहे।

दवाओं सहित सभी सुविधाएँ पूरी तरह से नि:शुल्क प्रदान की गयी।



**19-08-2021:** तेलीवाला गाँव, जनरल फिजिशियन रोगी की जाँच करते हुए



**19-08-2021:** तेलीवाला गाँव डॉ. अनुराग त्रिपाठी, डेंटिस्ट, रोगी परामर्श लेते हुए



**19-08-2021:** तेलीवाला गाँव, ब्लड शुगर टेस्ट

### शिविर में पाई गयी बीमारियाँ :

- नेत्र रोग (67)
- त्वचा रोग (46)
- दन्त रोग (56)
- थाइरोइड (12)
- सामान्य बीमारियाँ (95)
- मोतियाबिंद (5) सभी की चिकित्सालय द्वारा नि:शुल्क सर्जरी की गयी।

## उत्कृष्ट उदाहरण

- हमारे सामुदायिक शिविर की ओपीडी में 22 वर्षीय एक महिला गर्दन में सूजन की शिकायत के साथ पहुँची । उन्हें वर्ष 2005 में thyroglossal cyst का पता चला था जिस वजह से उन्हें सर्जरी करने की सलाह दी गई थी।
- किसान परिवार और निम्न सामाजिक एवं आर्थिक पृष्ठभूमि से होने के कारण वह आर्थिक तंगी का सामना कर रही थी एवं इसी कारणवश वह अपनी सर्जरी नहीं करवा पा रही थी।
- ई एन टी सर्जन डॉ. विकास ढिल्लों द्वारा परामर्श के दो घंटे के भीतर ही रोगी की सफलतापूर्वक सर्जरी कर दी गयी।



**29-08-2021:** सर्जरी के बाद



रोगी देखभाल के अंतर्गत

# उत्कृष्ट उदाहरण

## 07-08-2021 धर्मावाला

### MULTIPLE UTERINE FIBROIDS

- 38 वर्षीय एक महिला पिछले 5 वर्षों से पेट दर्द और भारी रक्तस्राव की शिकायत के साथ हमारी OPD पहुँची।

- उसने विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों से अपना उपचार कराया था एवं कई परामर्श लिए लेकिन राहत न मिलने के कारण वह हमारे पास पहुँची।

- उसका हीमोग्लोबिन भी 7 ग्राम था।अल्ट्रासाउंड जाँच से गर्भाशय की रसोली (multiple fibroids) का पता चला, जिस वजह से सर्जरी की सलाह दी गई जो की न्यूनतम लागत पर सफलतापूर्वक तरीके से सम्पन्न हुई ।




गर्भाशय के fibroid को निकालते हुए, डॉ. एन.एस चौहान (जनरल सर्जन)

### UNUSUAL MUCOID APPENDIX

- 45 वर्षीय एक पुरुष पिछले 3 वर्षों से पेट में दर्द से पीड़ित था जिसका हमारे चिकित्सालय में असामान्य म्यूकॉइड अपेंडिक्स (mucoid appendix) के रूप में निदान किया गया |

- गरीब सामाजिक एवं आर्थिक पृष्ठभूमि से होने के कारण, इलाज और सर्जरी का खर्च उसकी पहुँच से बाहर था, जिसके कारण वह एक चिकित्सालय से दूसरे चिकित्सालय में भटकता रहा ।

- बहुत कम खर्च में रोगी की सफलतापूर्वक सर्जरी करी गयी और वह अपनी चली आ रही बीमारी से भी छुटकारा पा सका।



Mucoid Appendix को निकालते हुए, डॉ. एन.एस. चौहान (जनरल सर्जन)

### 27-08-2021 PAROTIDECTOMY



सर्जरी से पहले

- 75 वर्षीय एक महिला को पिछले 15 वर्षों से बाएं गाल में सूजन की शिकायत थी।

- रोगी को सर्जरी की आवश्यकता थी जो की 27-08-2021 को हमारे चिकित्सालय में सफलतापूर्वक कर दी गयी। बायोप्सी (biopsy) रिपोर्ट से Warthin's ट्यूमर का पता चला।

- ये रोगी भी, निम्न सामाजिक-आर्थिक स्थिति के चलते उपचार में देरी और उसे अनदेखा करने के लिए मजबूर था। इस स्थिति को पूर्णतः समझते हुए, सर्जरी बहुत कम खर्च में की गयी एवं रोगी को अपनी चली आ रही पीड़ा से मुक्ति मिल गयी।




डॉ श्रेया, ई एन टी सर्जन और डॉ निमिश गुप्ता, मैक्सिलोफेशियल सर्जन की टीम ट्यूमर को निकालती हुई

## नारायणकोटी

### 05-08-2021: SHOULDER DISLOCATION-REDUCTION DONE

- दाहिने कंधे में तेज दर्द की शिकायत के साथ 64 वर्षीय एक महिला हमारे चिकित्सालय पहुँची। रोगी एक सप्ताह पहले ऊंचाई से नीचे गिर गयी थी जिसके कारण उसके दाहिने कंधे में चोट लग गयी थी ।

- उसकी खराब आर्थिक स्थिति के कारण व 5 दिनों तक पीड़ा झेलने के बाद, वह हमारे चिकित्सालय पहुँची। एक्स-रे से दाहिने कंधे में dislocation का पता चला।

- सफल closed reduction प्रक्रिया की गई और उसके जोड़ को सही कर दिया गया।

- आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि से होने की वजह से चिकित्सालय द्वारा रोगी का सम्पूर्ण उपचार निःशुल्क किया गया।



डॉ. चंदन SVHM नारायणकोटी टीम के साथ closed reduction प्रक्रिया करते हुए

# उत्कृष्ट उदाहरण

## 29-08-2021 पेटशाल

### 29-08-2021: ORTHO SURGERY DONE WITHOUT C-ARM MACHINE

- 14 वर्षीय एक किशोरी को 28.08.2021 को दोनों हाथों में फ्रैक्चर के साथ आपातकालीन विभाग में लाया गया था और जिसे सी-आर्म मशीन द्वारा की जाने वाली ऑर्थो सर्जरी की आवश्यकता थी।

- संयोग से उस दिन डॉ. कपिल अपनी टीम के साथ शिविर के लिए आए हुए थे और उन्होंने अपने अपार अनुभव को इस्तेमाल करते हुए बिना सी-आर्म मशीन के ये सर्जरी करी।

- भगवान की असीम कृपा से सर्जरी सफल रही और रोगी के दोनों हाथों के फ्रैक्चर को जोड़ दिया गया।

- घर के इतने नजदीक सस्ता एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध होने से रोगी को बीमार हालत में 110 कि.मी. तक की यात्रा करने की पीड़ा और कठिनाई से राहत मिल गयी।



डॉ कपिल त्यागी, सीनियर हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं डॉ राहुल सिंह, सीनियर एनेस्थेटिस्ट, यथार्थ हॉस्पिटल, नोएडा - सर्जरी करते हुए



डॉ. एम हमीदी, सीनियर लेप्रोस्कोपिक और जनरल सर्जन, यथार्थ हॉस्पिटल, नोएडा - सर्जरी करते हुए

### 29-08-2021: CHOLECYSTECTOMY OF AN OBESE PATIENT

- 49 वर्षीय एक महिला, हमारे चिकित्सालय की ओपीडी में लम्बे समय से चल रही पेट दर्द की शिकायत के साथ पहुँची। उसकी रिपोर्ट से पता चला कि उसे पित्त की थैली में पथरी थी।

- रोगी का वजन 104 किलोग्राम था एवं पिछले 18 महीनों से दर्द से गुजर रही थी। उसका अधिक वजन होना एक बाधा बन रहा था जिसके कारण कोई भी सर्जन उसकी सर्जरी करने को तैयार नहीं था।

- डॉ. हमीदी अपनी टीम के साथ शिविर के लिए आए हुए थे और उन्होंने अपने अपार अनुभव का इस्तेमाल करते हुए इस रोगी की पित्त की थैली को सफलतापूर्वक निकाल दिया।

## एनीमिया कार्यक्रम

**मासिक नए लाभार्थी**

- संपर्क किए गए : 253
- खून में हीमोग्लोबिन स्तर की जांचें : 222
- एनीमिक पाए गए: 158
- उपचाराधीन : 150



खून में हीमोग्लोबिन स्तर की जाँच



वजन जाँच

**Regular Follow Up**

- संपर्क किए गए लाभार्थियों की संख्या : 277
- दवाई लेते हुए
  - नियमित : 256
  - अनियमित : 11
- ड्राप आउट : 2

**Quarterly Follow Up (After 3 months of treatment)**

- संपर्क किए गए लाभार्थियों की संख्या : 154
- खून में हीमोग्लोबिन स्तर की जांचें : 134
- हीमोग्लोबिन की स्तर में बढ़ोतरी : 104

**Follow Up Visits**





## महिला स्वास्थ्य कार्यक्रम - धर्मावाला

कुल घरों की विजिट: 453

कुल संपर्क किए गए लाभार्थियों की संख्या : 782

### स्तन एवं ग्रीवा के कैंसर का जागरूकता, जाँच एवं चिकित्सा कार्यक्रम

- संपर्क किए गए लाभार्थियों की संख्या : 97
- कुल स्क्रीनिंग : 23



स्तन एवं ग्रीवा के कैंसर का जागरुकता सत्र

### MY PAD (MENSTRUAL HYGIENE) कार्यक्रम

- Menstrual Hygiene कार्यक्रम के संबंध में व्यक्तिगत परामर्श (counselling) सत्र में भाग लेने वाली किशोरियों और मासिक धर्म वाली महिलाओं की संख्या : 122
- कुल My Pad लाभार्थियों की संख्या : 49
- कुल वितरित Cloth Pads: 103



My Pad (Menstrual Hygiene) का जागरुकता सत्र

### मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम - धर्मावाला


**मासिक नए लाभार्थी**

- संपर्क किए गए : 82
- पाए गए रोगी : 28
- उपचाराधीन : 13




प्रो. डॉ. सागर लवानिया, मनोचिकित्सक, एफ एच मेडिकल कॉलेज, आगरा

# आंकड़े





| SVHM चिकित्सालय | लैब टेस्ट | इमरजेंसी | एक्स रे | ई सी जी | प्लास्टर |
|---|---|---|---|---|---|
| धर्मावाला | 9846 | 217 | 1054 | 369 | 46 |
| मनेरी | 87 | 02 | 34 | 00 | 02 |
| नारायणकोटी | 2325 | 77 | 354 | 135 | 37 |
| बड़कोट | 1061 | 13 | 325 | 20 | 70 |
| पीपलकोटी | 720 | 52 | 130 | 96 | 15 |
| पेटशाल | 1487 | 45 | 154 | 21 | 21 |
| हरिद्वार | 4554 | 66 | 402 | 218 | 06 |
| कुल | 20080 | 472 | 2453 | 859 | 197 |




| चिकित्सालय | सर्जरी | |
|---|---|---|
| | Major | Minor |
| धर्मावाला | 83 | 33 |
| नारायणकोटी | 0 | 2 |
| बड़कोट | 0 | 31 |
| पेटशाल | 9 | 2 |
| हरिद्वार | 10 | 3 |
| कुल | 102 | 71 |

सर्जरी में शामिल हैं: जनरल, ई एन टी, ऑर्थो, मैक्सिलो-फेशियल एवं डेंटल




सुविधाएँ जो केवल धर्मावाला एवं हरिद्वार के चिकित्सालयों में उपलब्ध है

| | |
|---|---|
| आयुर्वेद | 370 |
| पंचकर्म | 50 |
| फिजियोथेरेपी | 410 |
| सी टी स्कैन | 319 |
| एंडोस्कोपी | 53 |
| यूरोफ्लोमेट्री | 24 |

सुविधाएँ जो केवल धर्मावाला चिकित्सालय में उपलब्ध है

| 19838 | 173 | 472 | 2453 | 1387 | 20080 |
|---|---|---|---|---|---|
| पंजीकरण | सर्जरी | इमरजेंसी | एक्स रे | अल्ट्रासाउंड | लैब टेस्ट |

नर सेवा                                                                                     नारायण सेवा

# स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी, उत्तराखण्ड

## मासिक वृतांत

## अगस्त - 2021

**आपका अमूल्य दान है एक वरदान :**
स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी
खाता संख्या: 32584491256
आई एफ एस सी कोड: SBIN0010626
शाखा का नाम: सी एस टी हरबर्टपुर, देहरादून

*https://svhmuk.in*
*https://twitter.com/svhmuk*
*https://www.instagram.com/svhmuk/*
*svhmuk@gmail.com; anujdrs@gmail.com*

सभी दान आयकर अधिनियम, *1961* की धारा *80G* के तहत कर-मुक्त हैं।

**धर्मावाला, देहरादून**



**मनेरी, गंगोत्री मार्ग**



**नारायणकोटी, केदारनाथ मार्ग**




**बड़कोट, यमुनोत्री मार्ग**



**पीपलकोटी, बद्रीनाथ मार्ग**




**बद्रीनाथ धाम, चमोली**



**पेटशाल, जागेश्वर धाम मार्ग**



**केदारनाथ धाम, रुद्रप्रयाग**



**हरिद्वार**

